# भाजपा ने निकाय चुनाव में ही दिया बागियों का झटका

- केएमसी के चुनाव साथ लड़ने पर कोई चर्चा नहीं
- कोलकाता का स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर में



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 27 अगस्त. बीजेपी के एक नेता ने कहा कि अगर बीजेपी एनसीपीआई के साथ मिलकर चुनाव लड़ती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा. तब टीएमसी के भ्रष्ट लोग, जिनके खिलाफ हमने सालों तक लड़ाई लड़ी, बीजेपी के समर्थन से चुनकर आ जाएंगे.**

सायोनी घोष, काकोली घोष दस्तीदार और सुदीप बंदोपाध्याय समेत तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए 20 सांसदों वाले गुट को भारतीय जनता पार्टी ने करारा झटका दिया है.भाजपा ने इस गुट के साथ मिलकर कोलकाता नगर निगम चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है. इससे पहले इस बागी गुट और एनसीपीआई में शामिल हुए सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा था कि उनकी पार्टी एनसीपीआई कोलकाता नगर निगम का चुनाव बीजेपी के साथ मिलकर लड़ेगी लेकिन उनके बयान से इतर भाजपा ने इससे साफ तौर पर मना कर दिया. मजूमदार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारे प्रदेश अध्यक्ष पहले ही कह चुके हैं कि राज्य में बीजेपी का कोई सहयोगी नहीं है. हमने बंगाल में विधानसभा चुनाव किसी सहयोगी के साथ नहीं लड़ा था. हम अकेले लड़े और कई सीटें जीतीं. इसलिए, किसी सहयोगी के साथ मिलकर केएमसी चुनाव लड़ने पर कोई चर्चा नहीं हुई है. मेरे पास भी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है.

### आसान नहीं चुनाव की राह

नई दिल्ली. अगले साल की शुरुआत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को चार राज्यों में अपनी सरकार बरकरार रखने की चुनौती है. पार्टी अपनी सफलता के सिलसिले को बरकरार रखने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर काम को प्रमुखता से महत्व दे रही है. केंद्रीय संगठन फीडबैक लगातार हासिल कर रहा है. भाजपा के संगठन की नई केंद्रीय टीम ने कामकाज संभालना शुरू कर दिया है. उत्तर प्रदेश के लिए तो संगठन प्रभारी भी तय हो गए हैं.वहीं, भाजपा नेतृत्व को संगठन से जो फीडबैक मिल रहा है, उसमें उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में लगातार दो कार्यकाल को पूरा कर चुकी भाजपा की सरकारों को इस बार पिछले बार के मुकाबले ज्यादा चुनौती मिल सकती है.

# मोदी कैबिनेट का विस्तार 2 तक टला

## 1 सितंबर तक पीएम किर्गिस्तान की दौरे पर

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के 26वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान की राजकीय यात्रा पर रवाना होंगें.**

इधर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के द्वारा अपनी टीम का ऐलान करने के बाद अब सबकी निगाहें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अपनी कैबिनेट के विस्तार को हरी झंडी देने पर टिकी हुई हैं. संसद के मॉनसून सत्र की शुरुआत से पहले भी इसको लेकर खूब अटकलें लगीं, लेकिन इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया. अब एकबार फिर ऐसी अटकलबाजियां शुरू हो चुकी हैं. हालांकि इस सबके बीच प्रधानमंत्री मोदी दो देशों की विदेश यात्रा पर रवाना होने वाले हैं. इसकी वजह से फिर एकबार कैबिनेट विस्तार कुछ दिनों के लिए टलता दिख रहा है. क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों, आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति और खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान पर ठोस चर्चा की जाएगी. मध्य एशिया के समृद्ध ऊर्जा संसाधनों और भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए यह सम्मेलन ऊर्जा सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे जैसे कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स को रफ्तार देने में मदद करेगा.



### परिसीमन बिल के लिए फिर बैठ सकती है संसद

मानसून सत्र स्थगित होने के कई दिनों बाद भी सत्र को औपचारिक रूप खत्म ना किए के बाद इसे लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं. क्या केंद्र सरकार परिसीमन विधेयक को पास कराने के लिए संसद की बैठक दोबारा बुलाने की तैयारी में है? सवाल यह भी है कि क्या अब सत्तारूढ़ एनडीए के पास बिल पास कराने के लिए जरूरी 2-तिहाई बहुमत का समर्थन मिल गया है? किरन रिजीजू से जब पूछा गया कि क्या सरकार परिसीमन बिल जैसे मुद्दों के लिए कोई विशेष सत्र या दोबारा बैठक बुला सकती है तो, किरन रिजीजू ने कहा कि तकनीकी रूप से सत्र अभी खत्म नहीं हुआ है और सरकार जब चाहे इसकी बैठक दोबारा बुला सकती है.

# एमवी ओशन विनर हादसे में सफलता

## 02 चीनी नागरिकों को बचाया



**नई दिल्ली/पारादीप, 27 अगस्त. बंगाल की खाड़ी में डूबे मालवाहक जहाज एमवी ओशन विनर की तलाश एवं बचाव अभियान में भारतीय तटरक्षक बल को बड़ी सफलता मिली है.**

तटरक्षक पोत वरद ने दो चीनी नागरिकों को सुरक्षित ओडिशा के पारादीप पहुंचाया. दोनों की पहचान पैन टोंगलाई और चेन जियानहे के रूप में हुई है. भारतीय तटरक्षक बल के मुताबिक, दोनों को 22 अगस्त को जहाज डूबने के बाद एक लाइफराफ्ट से सुरक्षित निकाला गया था. गुरुवार को पारादीप पहुंचने के बाद दोनों को कंपनी प्रतिनिधियों को सौंप दिया गया. पनामा के झंडे वाला एमवी ओशन विनर एक बड़ा मालवाहक जहाज था. इसमें चालक दल के कुल 24 सदस्य मौजूद थे. इनमें 20 चीनी, तीन म्यांमा और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल थे.

# मुंह में छिपाकर लाया 82 ग्राम सोना, पकड़ाया

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ ने एक यात्री के मुंह में छिपाकर रखी गई पीली धातु बरामद की है. जिनका कुल वजन करीब 82 ग्राम बताया गया है. यात्री की पहचान मो. सिराज के रूप में हुई है. सिराज दुबई से इंडिगो की फ्लाइट से बेंगलुरु पहुंचा था. सिक्योरिटी होल्ड एरिया में नियमित स्क्रीनिंग के दौरान जांच अधिकारी को यात्री के व्यवहार पर संदेह हुआ. स्क्रीनिंग के दौरान यात्री पूछे गए सवालों का उचित तरीके से जवाब नहीं दे रहा था. उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर सुरक्षा कर्मियों ने आगे जांच की.

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-एनसी गठबंधन में बढ़ीं दूरियां


- उमर सरकार में शामिल होने के संकेत नहीं
- पिछले साल सीट बंटवारे में धोखे का लगाया आरोप



**नवभारत नेटवर्क**

**श्रीनगर, 27 अगस्त. जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार में कांग्रेस के शामिल होने की संभावना कम है. कैबिनेट के संभावित विस्तार से पहले पार्टी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस को अपने फैसले के बारे में कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है.**

हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कांग्रेस को सरकार में शामिल होने का नया प्रस्ताव दिया है, लेकिन पार्टी मंत्रियों की परिषद में शामिल होने से हिचकिचाती दिख रही है. पिछले साल अक्टूबर में राज्यसभा सीट बंटवारे में अपने सहयोगी दल पर धोखा देने का आरोप लगाने के बाद जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन में दरारें और गहरी हो गईं. राज्यसभा सीट बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी आलाकमान सेएनसी के साथ गठबंधन की समीक्षा करने को भी कहा था. कांग्रेस के छह विधायक हैं और उमर अब्दुल्ला सरकार के लिए उसका समर्थन अहम बना हुआ है. केंद्र सरकार और उसके द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल के पास केंद्र शासित प्रदेश में अहम मामलों पर व्यापक अधिकार होने के बावजूद, 6 साल से ज्यादा समय तक सीधे केंद्रीय शासन के बाद अक्टूबर 2024 में जम्मू-कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार बनी. दोनों पक्षों के बीच मतभेद चुनाव नतीजों के तुरंत बाद शुरू हो गए थे.




# सात रेल रूट होंगे फोर-ट्रैक

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 27 अगस्त.** भारतीय रेलवे देश के सबसे व्यस्त 11 हजार किलोमीटर लंबे हाई डेंसिटी नेटवर्क को 4-लेन यानी चार ट्रैक वाला बनाने जा रहा है. देश का करीब 41 प्रतिशत रेल ट्रैफिक सिर्फ 7 बड़े कॉरिडोरों से गुजरता है, जिन्हें अब फोर-ट्रैक नेटवर्क में बदला जाएगा. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह पूरे रेल नेटवर्क का केवल 16 प्रतिशत हिस्सा है. बढ़ते यात्री और माल परिवहन के दबाव को देखते हुए इन मार्गों पर क्षमता बढ़ाना जरूरी माना जा रहा है. इन मार्गों पर देश की कई प्रमुख राजधानी, वंदे भारत, सुपरफास्ट ट्रेनों के साथ मालगाड़ियों की भी भारी आवाजाही रहती है. इसे दोनों स्तर पर सुविधा बढ़ेगी.

# भाजपा-अकाली साथ आए तो बदलेंगे समीकरण

- पंजाब सीटों का गणित बदलने की आशंका
- गठबंधन की चर्चा के बीच सीट बंटवारे पर भी नजर



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**चंडीगढ़, 27 अगस्त। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के संभावित पुनर्गठन की चर्चाएं तेज हैं. 2024 के लोकसभा चुनाव के विधानसभा-वार आंकड़ों से इस गठबंधन की संभावित ताकत का आकलन किया गया है.**

यदि दोनों दल साथ आते हैं तो करीब 21 विधानसभा क्षेत्रों में उनका संयुक्त वोट कांग्रेस या आम आदमी पार्टी से अधिक हो सकता है. यह केवल एक गणितीय विश्लेषण है और इसे 2027 के विधानसभा चुनाव का सीधा परिणाम नहीं माना जा सकता. 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 23 विधानसभा क्षेत्रों में सर्वाधिक वोट प्राप्त किए थे. अकाली दल नौ क्षेत्रों में आगे रहा था. इस तरह, अलग-अलग चुनाव लड़ने के बावजूद दोनों दलों ने कुल 32 विधानसभा क्षेत्रों में अपनी बढ़त बनाई थी. इन दोनों दलों के वोटों को जोड़ने पर कई अन्य सीटों पर भी चुनावी समीकरण बदल सकते हैं. ठबंधन की स्थिति में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के लिए चुनौती बढ़ सकती है. विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां दोनों दलों का आधार एक-दूसरे का पूरक है. भाजपा का शहरी और व्यापारी वर्ग में प्रभाव है.

# आरक्षण सूधार पर केंद्र आया आगे

## जेपी नड्डा ने प्रदर्शनकारी हर्ष दुबे की टीम से की बात



**नई दिल्ली, 27 अगस्त. आरक्षण सुधार की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के बाद संवाद का सिलसिला शुरू हो गया है. केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आंदोलन से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक की.**

उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 21 अगस्त को हुए प्रदर्शन के बाद तय कार्यक्रम के तहत हर्ष दुबे, रण बहादुर सिंह चौहान और मृत्युंजय पाठक के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई. जेपी नड्डा ने कहा कि प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा के बाद संवाद की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी. उन्होंने संकेत दिया कि मुद्दे पर जल्द ही एक और बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक में आंदोलन से जुड़े पक्ष ने अपनी मांगों और विचारों को सामने रखा. जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में आरक्षण व्यवस्था में बदलाव की मांग प्रमुखता से उठाई गई थी. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरक्षण का आधार जाति के बजाय आर्थिक स्थिति को बनाया जाना चाहिए.

# राहुल गिग वर्कर्स के सुनेंगे मुद्दे

- नागेंद्र के इस्तीफे पर कांग्रेस करेगी फैसला
- शिवकुमार बोले- पार्टी के वफादार नेता



**बेंगलुरु, 27 अगस्त। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जल्द कर्नाटक का दौरा कर सकते हैं.**

मुख्यमंत्री के मुताबिक, उन्होंने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी. इस दौरान राज्य और देश से जुड़े मुद्दों के साथ कांग्रेस के संगठनात्मक विषयों पर भी बातचीत हुई. राहुल गांधी के संभावित दौरे के दौरान कर्नाटक सरकार गिग वर्कर्स के लिए एक सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी कर रही है. शिवकुमार ने बताया कि कार्यक्रम की तारीख श्रम विभाग के साथ चर्चा के बाद तय की जाएगी. सरकार गिग वर्कर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए कानून बनाने की तैयारी कर चुकी है. राहुल गांधी ने भी इस विषय पर सुझाव दिए हैं और वह इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएंगे. मुख्यमंत्री ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सरकार की योजना बताई.



## अभिषेक के दफ्तर से उतारा तृणमूल का बोर्ड

**कोलकाता.** कोलकाता के कैमैक्स स्ट्रीट स्थित तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालय पर गुरुवार को कार्रवाई हुई. कोलकाता नगर निगम और कोलकाता पुलिस की संयुक्त टीम कार्यालय पहुंची. इमारत के ऊपर लगे तृणमूल कांग्रेस के बिलबोर्ड को हटाने की कार्रवाई की गई. नगर निगम का कहना था कि यह बोर्ड अनधिकृत था. नगर निगम के नियमों के तहत इसे हटाया गया.

### एक नजर में

## शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं का जुटेगा जमावड़ा

**नई दिल्ली.** भारत की अध्यक्षता में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगा. विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन में ब्रिक्स के सदस्य और सहयोगी देशों के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे. आउटरीच के लिए आमंत्रित नेताओं की भी इसमें भागीदारी होगी. वैश्विक स्तर पर बदलते राजनीतिक और आर्थिक समीकरणों के बीच होने वाला यह सम्मेलन भारत के लिए अपनी कूटनीतिक और नेतृत्व क्षमता को सामने रखने का महत्वपूर्ण अवसर होगा. भारत ने 1 जनवरी 2026 को चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली है. इससे पहले भारत 2012, 2016 और 2021 में संगठन की अध्यक्षता कर चुका है. खास बात यह है कि 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष भी पूरे कर रहा है. ऐसे में इस वर्ष का सम्मेलन संगठन के लिए भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है. भारत की अध्यक्षता का मुख्य विषय 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है. यह विषय मानव-केंद्रित विकास और 'मानवता सर्वोपरि' की सोच पर आधारित है.

## फडणवीस के सामने समय रैना ने किया पुलिस को रोस्ट

**मुंबई.** स्टैंडअप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वह हाल ही में मुंबई साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे. मुंबई पुलिस को लेकर उनके बयान पर फडणवीस जमकर हंसे. महाराष्ट्र साइबर की ओर से आयोजित साइबर जागरूकता कार्यक्रम में फडणवीस ने समय रैना समेत कई कलाकारों को सम्मानित किया.

# सिया गोयल को जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट के आरोप

## केतन अग्रवाल के परिवार ने सुविधाओं पर जांच की मांग की

**नवभारत नेटवर्क**

**मुंबई, 27 अगस्त. पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में अब एक चौंकाने वाला दावा किया जा रहा है. आरोप है कि केतन को खाई में धक्का देकर मारने वाली सिया गोयल को जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है. इसे लेकर केतन अग्रवाल का परिवार भड़क गया है.**



केतन के परिवार और दोस्तों ने यरवदा जेल प्रशासन पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं. परिवार का आरोप है कि सिया गोयल को यरवदा महिला जेल के अंदर कई खास सुविधाएं दी जा रही हैं.केतन के परिवार ने जेल अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है. उनका कहना है कि यरवदा जेल में सिया गोयल को वीआईपी की तरह रखा जा रहा है. न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक परिवार ने एक बयान में कहा है, यह लड़ाई सिर्फ हमारे केतन के लिए नहीं है, बल्कि हम ये लड़ाई इसलिए लड़ रहे हैं ताकि अपराधियों के दिल में कानून का खौफ बचा रहे. परिजनों ने जेल के अंदर की सुविधाओं की तुरंत जांच कराने और नियम तोड़ने वाले जेल अफसरों को सस्पेंड करने की मांग की है. वीआईपी ट्रीटमेंट के आरोप सबसे पहले संगीता तिवारी के नेतृत्व वाले 'गुलाबो गैंग' और 'पायल तिवारी बिटिया फाउंडेशन' ने लगाए. इन संगठनों ने इसे लेकर पुणे के मार्केट यार्ड और आरोपी सिया गोयल के घर के बाहर 2 दिनों तक विरोध प्रदर्शन भी किया है. प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि हिरासत में मिलने वाली किसी भी तरह की रियायत को तुरंत बंद किया जाए. वहीं रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी समेत कई स्थानीय राजनीतिक गुटों ने भी परिवार की मांग का समर्थन करते हुए हाई लेवल जांच की मांग की है.

### आज का इतिहास

- 1521 - तुर्की के सुल्तान सुलेमान प्रथम के सैनिकों ने बेलग्रेड पर कब्ज़ा किया।
- 1600 - मुगलों ने अहमदनगर पर कब्ज़ा किया.
- 1856 - महान संत एवं समाज सुधारक नारायण गुरु का जन्म हुआ.
- 1858 - उंगलियों के निशान को पहचान के रूप में इस्तेमाल करने वाले ब्रिटिश विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म हुआ.
- 1896 - प्रसिद्ध उर्दू शायर फिराक गोरखपुरी का जन्म हुआ.
- 1914- प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत हुई.

# कश्मीर पर भारत का कब्जा अन्याय है

## केंद्र सरकार का विवादित बयान

- वायरल वीडियो की जांच के खाद्य विभाग ने दिए आदेश
- चौधरी ने कहा- कल कारण बताओ नोटिस जारी करूंगा

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 27 अगस्त. महिला एफसीआई अधिकारी का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कहा गया है कि मीर पर भारत का कब्जा अन्यायपूर्ण है और यह अन्यायपूर्ण ही रहेगा'.**

अब विडियो को भारतीय खाद्य निगम ने जांच के आदेश दिए है. निगम ने कहा है कि सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो के संबंध में वह कारण बताओ नोटिस भी जारी करेगा.एफसीआई के महाप्रबंधक आई के चौधरी ने कहा कि निगम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है. यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या वीडियो में दिख रही महिला, निगम कर्मचारी है और क्या वीडियो क्लिप में सुनाई दे रही आवाज उसी की है.


चौधरी ने पत्रकारों से कहा, मैं उसका जवाब जानने के लिए कल उसे कारण बताओ नोटिस जारी करूंगा. उसके बाद मामले की पूरी जांच की जाएगी. अगर महिला मान लेती है कि वीडियो उसी का है, या जांच में यह साबित हो जाता है कि वीडियो में वही थी, तो हम उक्त कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे.

**प्रकृति का कहर** | विनाशकारी बाढ़ में हुए कई चमत्कार, किसी को पेड़ ने दिया दूसरा जीवन तो कोई महाप्रलय से ठीक पहले आगे बढ़ गया

# आंखों के सामने पहाड़ों से उतरा जल सैलाब, प्रकृति ने आंचल में छिपा लिया

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**काठमांडू, 27 अगस्त. नेपाल में आई भीषण फ्लैश फ्लड ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है. एक कहानी 24 वर्षीय नेपाली मजदूर बिबेक कुमाल की है, जो बाढ़ के तेज बहाव में बह गया था, लेकिन एक आम के पेड़ की वजह से उसकी जान बच गई.**



कुमाल उस समय एक घर के बाहर शौचालय के लिए गड्ढा खोद रहा था, जब अचानक पहाड़ों से पानी, कीचड़ और चट्टानों का विशाल सैलाब नीचे आ गया और देखते ही देखते पूरा इलाका उसकी चपेट में आ गया. काठमांडू के नेशनल ट्रॉमा सेंटर में उपचार करा रहे कुमाल ने बताया, मैं भागने लगा. तभी पानी की एक विशाल दीवार इतनी तेजी से नीचे आई, जैसे कोई भूकंप आ गया हो.

तेज बहाव उसे कीचड़, पत्थरों और कुमाल ने कहा, किस्मत से मैं एक आम के पेड़ में जाकर अटक गया. अगर वहां आम का पेड़ नहीं होता तो मैं बहकर मर गया होता. अस्पताल में भर्ती 11 वर्षीय रिहाना लामिछाने भी इस आपदा से बाल-बाल बची. रिहाना ने बताया, मैं स्कूल में थी. इस घटना के कारण स्कूल बंद कर दिया गया था और हमें घर जाने के लिए कहा गया. जब मैं नदी पार कर रही थी, तभी अचानक बाढ़ का पानी तेजी से आ गया. रिहाना के सीने और पैर में चोटें आई हैं. उसने कहा, मैं सुरक्षित हूं, यही खुशी की बात है. मेरे दोस्तों के साथ क्या हुआ, मुझे नहीं पता.

रिहाना की मां रीता लामिछाने ने बताया कि एक मित्र का फोन मिलने के बाद वह अपनी बेटी को खोजने के लिए दौड़ीं. उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मेरी बेटी के साथ कोई गंभीर घटना नहीं हुई. उसे सुरक्षित देखकर मुझे राहत मिली है.

### चीन बॉर्डर पर वाटर ब्लॉकेज मंडरा रहा अब भी संकट

वैज्ञानिकों ने एक और आपदा की चेतावनी जारी की है. नेपाल-चीन सीमा के ऊपरी हिस्से में अब भी वाटर ब्लॉकेज मौजूद है, जो टूटने पर एक नया जलसैलाब पैदा कर सकता है.यह चेतावनी हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरण, ग्लेशियर, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं पर शोध करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ने जारी की है. काठमांडू स्थित यह संस्था 1983 से हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र के आठ देशों भारत, नेपाल, भूटान, चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और अफ़गानिस्तान के साथ काम करती है. जिस नदी बेसिन क्षेत्र में 2024 में गंभीर बाढ़ आई थी, वही क्षेत्र दोबारा खतरे के केंद्र में आ गया है.


## कार्यालय नगरपालिका परिषद दमुआ, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.)

(Phone-07160-299095 E-mail: cmodamua@mpurban.gov.in)

पत्र क्रमांक 1878 / ई-टेण्डर / 2026-27 | दमुआ, दिनांक 24.08.2026

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_522057_1 27.08.2026 | निकाय हेतु निर्माण सामग्री प्रदाय कार्य। | वित्तीय वर्श 2026-27 (01.09.2026 से 31.03.2027 तक) | 990000.00 | 2000.00 9900.00 | 15.09.2026 |
| 2 | 2026_UAD_522058_1 27.08.2026 | निकाय हेतु स्टोन डस्ट (6 एमएम) प्रदाय सह फैलाने का कार्य। | | 950000.00 | 2000.00 9500.00 | 15.09.2026 |
| 3 | 2026_UAD_522059_1 27.08.2026 | भवन, रोड-नाली व अन्य योजनाओं के निर्माण कार्य में होने वाले कार्य एवं सामग्री प्रदाय कार्य। | | 990000.00 | 2000.00 9900.00 | 15.09.2026 |
| 4 | 2026_UAD_528645_1 27.08.2026 | निकाय हेतु मुरम प्रदाय सह फैलाने का कार्य। | | 950000.00 | 2000.00 9500.00 | 15.09.2026 |
| 5 | 2026_UAD_528975_1 27.08.2026 | निकाय हेतु किराये पर जे.सी.बी मभीन प्रदाय कार्य। | | 950000.00 | 2000.00 9500.00 | 15.09.2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

श्रीमति किरण खातरकर
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद् दमुआ

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
दमुआ